निदेशक/ एच. आर. डी. एवं आई. टी.
भाखड़ा ब्यास प्रबंध बोर्ड
Director / HRD & IT
Bhakra Beas Management Board
Sector-19-B, Madhya Marg, Chandigarh-160019
सैक्टर-19-बी, मध्य मार्ग,चण्डीगढ़-१६००१९
Tel. 0172-5011773, Email: dirhrd@bbmb.nic.in

प्रैस विज्ञप्ति **दिनांक 07.08.2024**

बीबीएमबी जल प्रबंधन में " प्लैटिनम पुरस्कार" से सम्मानित

चण्डीगढ़ : श्री मनोज त्रिपाठी, अध्यक्ष, बीबीएमबी ने जल प्रबन्धन के क्षेत्र में बीबीएमबी की असाधारण उपलब्धियों के लिए प्लैटिनम पुरस्कार प्राप्त करने हेतु बीबीएमबी के सभी कर्मचारियों को हार्दिक बधाई दी। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार 02 अगस्त, 2024 को हैदराबाद में आयोजित "16वें एक्सीड ग्रीन फ्यूचर पर्यावरण, एचआर और सीएसआर अवार्ड एंड कॉन्फ्रेंस 2024" में प्रदान किया गया।

सतत विकास फाउंडेशन (एक काम देश के नाम) द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम हरित और अधिक टिकाऊ भविष्य के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है। यह पुरस्कार सिंचाई मंत्री, तेलंगाना माननीय तुमाला नागेशवर राव द्वारा प्रदान किया गया।

बीबीएमबी की ओर से यह पुरस्कार इंजी. सी.पी. सिंह, मुख्य अभियंता/भाखडा बांध और इंजी. सुखदीप सिंह, उप सचिव/कार्मिक ने प्राप्त किया।

अध्यक्ष, बीबीएमबी ने कहा कि बीबीएमबी कर्मचारियों के समर्पण, विशेषज्ञता और कार्य के प्रति उनकी निष्ठा ने ही संगठन को यह सम्मान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यह उपलब्धि हमारे सामूहिक प्रयासों और जल प्रबंधन के क्षेत्र में हमारी प्रगति को दर्शाती है